प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 23.03.2024 समय : 01:00 पी.एम.

राजस्थान समेत भाजपा के लोकसभा प्रत्याशियों के नामों पर चर्चा के लिए आज भारतीय जनता पार्टी की केन्द्रीय चुनाव समिति की बैठक होगी। बैठक में लोकसभा चुनाव के उम्मीदवारों पर विचार–विमर्श होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृहमंत्री अमित शाह, राज्य चुनाव समितियों के सदस्य और पदाधिकारी भी बैठक में शामिल होंगे। गौरतलब है कि राज्य में भाजपा ने अब तक 15 लोकसभा सीटों पर अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। इधर कांग्रेस पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए प्रचारकों के नाम तय करने के लिए 2 सदस्यीय कमेटी बनाई है।

00000

राज्य में आगामी लोकसभा चुनाव के तहत पहले चरण के 12 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए प्रत्याशियों के नामांकन की प्रक्रिया जारी है। अब तक 7 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 9 प्रत्याशियों ने 10 नामांकन पत्र प्रस्तुत किए हैं। कल 7 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र पेश किए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि कल श्रीगंगानगर, बीकानेर, झुंझुनू, सीकर, जयपुर ग्रामीण, जयपुर और दौसा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 1–1 प्रत्याशी ने अपने नामजदगी के पर्चे भरे। श्री गुप्ता ने बताया कि पहले चरण के चुनाव कार्यक्रम के अनुसार, 27 मार्च तक नामांकन पत्र भरे जा सकेंगे। आज से 25 मार्च तक राजकीय अवकाश होने के कारण नामजदगी के पर्चे दाखिल नहीं हो सकेंगे।

000

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई ने कदाचार में लिप्त होने के कारण देशभर के 20 विद्यालयों की मान्यता रद्द कर दी है। इनमें राजस्थान के दो विद्यालय सहित दिल्ली के पांच विद्यालय शामिल है। सीबीएसई की एक अधिसूचना में कहा गया है कि बोर्ड के औचक निरीक्षण में परीक्षा नियमों की अनदेखी की गई और कई विसंगतियां पाई गईं। सीबीएसई ने यह भी कहा है कि ये स्कूल डमी छात्रों और अयोग्य उम्मीदवारों को परीक्षा में शामिल करने जैसे विभिन्न कदाचार कर रहे थे और रिकॉर्ड ठीक से नहीं रख रहे थे।

0000

आज स्वतंत्रता सेनानी और शहीद–ए–आजम भगत सिंह, राजगुरू और सुखदेव का शहीदी दिवस है। आज ही के दिन 1931 में लाहौर षडयंत्र मामले में इन तीनों महान शहीदों ने देश की आजादी के लिए हंसते–हंसते फांसी के फंदे को गले से लगा लिया था। इस अवसर पर आज देशभर में इन महान शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की जा रही है। श्रीगंगानगर में विभिन्न छात्र संगठनों और बार एसोसिएशन की ओर से भगत सिंह चौक पर शहीद–ए–आजम भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरू को श्रद्धाजंलि अर्पित की गई। भरतपुर में किला स्थित शहीद स्मारक पर विभिन्न संगठनों से जुडे पदाधिकारियों ने पुष्प अर्पित कर नमन किया और देश की आजादी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले तीनों शहीदों के योगदान को याद किया गया।

0000

फाल्गुन में इन दिनों प्रदेशभर में मंदिरों सहित अनेक स्थानों पर फागोत्सव मनाये जा रहे हैं। जयपुर के गोविंद देवजी मंदिर में कल तीन दिवसीय होलिकात्सव और दो दिवसीय पुष्प फागोत्सव के बाद कल सांस्कृतिक आयोजन के तहत भजनामृत अनुष्ठान हुआ। सवाई–माधोपुर जिले में श्रद्धालु विभिन्न मंदिरों में भजन कीर्तन कर रंग गुलाल और फूलों से होली खेल रहे है। विभिन्न संगठनों की ओर से भी होली महोत्सव और फाग उत्सव के आयोजन किये जा रहे हैं। भरतपुर जिले में फागोत्सव के तहत अबीर गुलाल उड़ाकर बाबा श्याम के साथ होली खेली गई। इस दौरान मनमोहक दरबार सजाया गया। वृंदावन के कलाकारों ने आकर्षक झांकियां प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। चूरू जिले में 65 से अधिक स्थानों पर होली के अवसर पर लगने वाले फोगोत्स्व के अखाड़े लगाएं गए हैं, जहां पर शेखावाटी के प्रसिद्ध गिंदड नृत्य हो रहे है।

00000

जलदाय विभाग ने धूलंडी पर जयपुर शहर में पेयजल सप्लाई की अतिरिक्त व्यवस्था की है। बीसलपुर बांध से धूलंडी के दिन 50 एमएलडी अतिरिक्त पानी की सप्लाई होगी। विभाग के अतिरिक्त मुख्य अभियंता अमिताभ शर्मा ने बताया कि दोपहर साढे 12 बजे से डेढ बजे तक एक घंटे के लिए शहर के अलग–अलग हिस्सों में पानी की अतिरिक्त सप्लाई की जायेगी।

00000

प्रदेश में तापमान में बढोतरी से धीरे–धीरे गर्मी का असर बढ रहा है। मौसम विभाग के सुबह साढे आठ बजे के आंकडो के अनुसार राज्य में सर्वाधिक तापमान फलौदी में 39 दशमलव 2 डिग्री सैल्सियस दर्ज किया गया। इसके अलावा पिलानी में 38 दशमलव 4, बीकानेर में 38 दशमलव 1, डूंगरपुर में 37 दशमलव 9 डिग्री सैल्सियस अधिकतम तापमान रहा, जबकि 22 जिलों में 35 डिग्री सैल्सियस से अधिक तापमान रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग के अनुसार अगले 24 घंटों में अजमेर, जयपुर, कोटा और उदयपुर संभाग में तापमान में बढोतरी होगी, जबकि जोधपुर और बीकानेर संभाग में बदलाव की संभावना नहीं है।

00000